परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थ नगर–272202 (उ0प्र0) भारत
Siddharth University Kapilvastu,
Siddharth Nagar-272202 (U.P.) India
Email- coe@suksn.edu.in

# सूचना

(महत्वपूर्ण/समयबद्ध)

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के **पत्र सं0 5469/सि0वि0वि0/प0सा0/2026 दिनांक 18–03–2026, पत्रांक 5486/सि0वि0वि0/प0सा0/ 2026 दिनांक 04–04–2026, पत्रांक 5737/सि0वि0वि0/प0सा/2026 दिनांक 25–07–2026** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे जिसके द्वारा विश्वविद्यालय के **वर्ष 2022, 2023, 2024 व 2025** की मुद्रित उपाधियां परीक्षा सामान्य अनुभाग से नियमानुसार प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा उक्त उपाधियां अभी तक प्राप्त नहीं की गयी है तथा छात्रों को वितरित भी नहीं की गई। जिससे सम्बन्धित महाविद्यालय के छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय से सीधे सम्पर्क कर उपाधि की मांग लगातार की जा रही है।

तद्क्रम मे सत्र–2025–26 से पूर्व सत्रों की बैक, अंकसुधार से सम्बन्धित जिन महाविद्यालयों के छात्रों की उपाधि प्राप्त नहीं है, उन छात्रों के उपाधियों की मुद्रण हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्रों के साथ व साक्ष्य सहित **दिनांक 17–09–2026 सांय 5.00 बजे तक** विश्वविद्यालय में अवश्य प्रेषित कर दें।

उपरोक्त उल्लिखित सत्र 2025–26 से पूर्व की जिन छात्र–छात्राओं की उपाधियां विश्वविद्यालय अभिलेखागार में सुरक्षित हैं, वे दिनांक 17–09–2026 तक अवश्य आकर प्राप्त कर छात्रों को वितरित कराने का कष्ट करें। यदि उपाधियां छात्रों को वितरित नहीं की जाती है तो इसे छात्रहित के प्रतिकूल मानते हुए सम्बन्धित महाविद्यालय के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**नोट– उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी उपाधि देय नहीं होगी। यथापरिस्थिति यदि कोई प्रतिकूल स्थिति बनती है तो सम्बन्धित महाविद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।**

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक– 5775 / सि0वि0वि0/ प0सा0/2026 दिनांक 12/08/2026

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को सूचित करते हुए कराना सुनिश्चित करें।
2. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रभारी, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी,सि0वि0वि0क0,सिद्धार्थनगर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों मे निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करे।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक